# मानिकपुर-साहेबगंज और शेरपुर दिघवारा रिंग रोड इस साल के अंत तक

**पटना.** राज्य में मानिकपुर-साहेबगंज एनएच-139 डब्ल्यू और शेरपुर-दिघवारा रिंग रोड, एनएच-131जी का निर्माण इस साल के अंत तक शुरू होगा. फिलहाल इन सड़कों के निर्माण में जमीन अधिग्रहण सहित अन्य तकनीकी पेंच है. इसे दूर करने के लिए राज्य सरकार की मदद से कार्रवाई शुरू की गयी है. दरअसल, पटना-बेतिया प्रस्तावित ग्रीनफील्ड सड़क का हिस्सा मानिकपुर-साहेबगंज है. इसकी लंबाई करीब 44.65 किमी है. इस हिस्से का निर्माण पूरा होने से पटना-बेतिया सड़क निर्माण में तेजी आयेगी. इसके साथ ही पटना रिंग रोड के प्रस्तावित हिस्सा शेरपुर-दिघवारा के बीच सिक्सलेन पुल के साथ एप्रोच रोड बनाने की योजना है. इसके बनने से पटना से छपरा, सीवान और गोपालगंज की दूरी घट जायेगी. सूत्रों के अनुसार मानिकपुर-साहेबगंज एनएच-139 डब्ल्यू के निर्माण में फिलहाल मुजफ्फरपुर और पश्चिम चंपारण जिले में जमीन अधिग्रहण अटका हुआ है. मुजफ्फरपुर जिले के 36 मौजों में जमीन अधिग्रहण होना है. इसमें से करीब 19 मौजों में अधिग्रहण कर जमीन का दखल-कब्जा एनएचएआइ को दे दिया गया है. अन्य मौजों में प्रक्रिया चल रही है. इसके साथ ही करीब 403.38 करोड़ रुपये के मुआवजे की राशि में से करीब 237 करोड़ रुपये का भुगतान रैयतों को किया गया है. वहीं पश्चिम चंपारण जिले में भी मुआवजा भुगतान की गति धीमी है, इसमें तेजी का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया है.

**शेरपुर-दिघवारा रिंग रोड :** शेरपुर-दिघवारा रिंग रोड एनएच-131जी में सिक्सलेन पुल सहित एप्रोच रोड की लंबाई करीब 14.52 किमी है. इसके एप्रोच रोड को बनाने के लिए करीब 86.12 हेक्टयर जमीन की जरूरत है. यह जमीन सारण और पटना जिले में है, लेकिन दोनों जिलों में जमीन अधिग्रहण की समस्या है.